## खबर संक्षेप

### कवि सम्मेलन का आयोजन 15 मार्च को

**कटनी**। होली पर्व पर अखिल भारतीय विराट कविसम्मेलन का आयोजन होगा। कवि सम्मेलन की तैयारियों के लिये आयोजन समिति गठित कर सभी को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी है। एक शाम शहीदों के नाम होली हास्य हंगामा नगर के ख्यातिलब्ध हास्य व्यंग्य कवि मनोहर मनोज के सानिध्य एवं अजय सरावगी के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन एवं मुक्तिधाम विकास समिति द्वारा आयोजित कविसम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध कवियों का समागम होगा। होली के पावन पर्व पर 15 मार्च को गर्ग चौराहे में सायं 7 बजे से हास्य व्यंग्य श्रृंगार रस के कवियों की महफिल सजेगी। कवि सम्मेलन का संचालन ओजस्वी कवि शशिकांत यादव देवास द्वारा किया जायेगा। कवि सम्मेलन में राव अजात शत्रु (उदयपुर), अखिलेश द्विवेदी (प्रयागराज), सुनील गाईड तराना हास्य श्रद्धा शौर्या (नागपुर) आशीष सोनी (गाडरवारा) प्रियंका मिश्रा (विजयराघवगढ) हीरामणि वैष्णव (कोरबा) विकास बैरागी (नरसिंहपुर) अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करेगे। आयोजकों ने होली पर आयोजित कवि सम्मेलन में नगर के साहित्य प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाने की अपील की है।

### आटा मिल में महिला की मौत, परिजनों ने लगाए आरोप



**कटनी**। माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत धपई गांव में एक महिला श्रमिक की लिफ्ट से गिरने के कारण मौत हो गई है। मृतक महिला के परिजनों का कहना है कि महिला को मिल संचालक द्वारा धक्का दिया गया है जिसके कारण उसकी मौत हुई है। इस बात को लेकर हंगामे की स्थिति भी निर्मित होगी। बड़ी संख्या में यहां ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। इस घटना में महिला श्रमिक पूजा पति प्रदीप केवट की मौत हो गई। परिजन जब महिला के संबंध में जानकारी लेने आटा मिल पहुंचे तो उनके साथ मारपीट भी की गई है यह आरोप परिजनों ने लगाया है । माधव नगर थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही माधव नगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि महिला मिल के अंदर लिफ्ट से ऊपरी हिस्से में जाने का प्रयास कर रही थी इसी दौरान उसके सिर में चोट लगी और वह गिर गई इसके बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### पानी पीने कुंए में उतरे युवक की डूबने से मौत

**कटनी**। कुंए में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना रीठी थाना अंतर्गत सलैया चौकी के रूड़मूड़ गांव की है। पुलिस के अनुसार रूड़मूड़ गांव में अंकित राय 24 की कुएं में डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि पत्थरों के सहारे कुंए में पानी पीने के लिए उतरा था। कुंए में गहराई अधिक नहीं थी। करीब 6 फीट में कुंए में पानी था। कुंए में लगे पत्थरों के सहारे वह कुंए में पानी पीने उतरा था लेकिन यहां वह अनियंत्रित हो गया और कुएं में डूब गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक तैरना नहीं जानता था। युवक मजदूर था। वह अन्य साथी मजदूरों के साथ खेत में काम में लगा था। इसी दौरान वह साथियों से पानी पीने को बताकर कुछ दूरी - पर स्थित कुंए में आ गया। कुछ देर नहीं पहुंचने पर साथियों ने उसकी तलाश शुरू की। इसके बाद कुंए के पास उसकी चप्पल उतरी देखकर उसे तलाशने पर उसका शव उन्हें मिल गया। पुलिस ने मामले में मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

## बम्हनी करौंदी से खंदवरा जाने वाली मार्ग की हालत है खस्ताहाल

# गिट्टियां राहगीरों को कर रहीं चोटिल, डामर डाल मरम्मत कार्य में लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

बम्हनी-करौंदी से -खंदवारा की तरफ जाने वाली सड़क की स्थिति दयनीय है। लाखों रुपये की लागत से बनी इस सड़क में अब गिट्टियां निकल आई है। सड़क भी जगह जगह से उखड़ गई है। सड़क के खराब होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशान होना पड़ता है। बम्हनी से करौंदी होकर खंदवारा पहुँच मार्ग में पैदल ग्रामीणों के अलावा बाइक,कार से लोग आवागमन करते हैं।बीते कई दिनों से सड़क की स्थिति यह है कि आमजन का आना-जाना भी दुश्वार हो गया है। सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने से इस सड़क की दुर्दशा और भी ज्यादा खराब हो गई है।



### वाहन हो जाते हैं अनियंत्रित

सड़क पर जगह जगह गढ्ढे हो गए हैं। छोटी बड़ी गिट्टियां निकल आई हैं। गिट्टी की परत से गुजरते समय बाइक सवार फिसल जाते हैं। मोटरसाइकिल और छोटे चार पहिया वाहन भी फिसल रहे हैं। सड़क की ये गिट्टियां राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुश्किल खड़ी कर रही हैं।वाहनों के पहियों से गिट्टियां गोली की तरह उछलती हैं। इनके लगने से सड़क से गुजरते राहगीर जख्मी हो रहे हैं। पांव, सिर में गिट्टी लगने से लोगों की जान ही जोखिम में पड़ जाती है।जंगल के बीच लोगों को मजबूरी में इन्हीं गिट्टियों के बीच से वाहन चलाना पड़ता है। गिट्टियां लगने से वाहनों के टायरों में कट लग रहे हैं। वाहनों के ईंधन का खर्च भी बढ़ गया है सड़क की हालत खराब होने से ग्रामीण और राहगीर दोंनो परेशान है।

### मरम्मत कार्य में लापरवाही बरत रहा ठेकेदार

ठेकेदार के द्वारा इसी सड़क पर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। बम्हनी से खंदवारा तक जगह जगह सड़क खराब हो गई है, लेकिन मरम्मत का कार्य खंदवारा की तरफ से कराया जा रहा है। मरम्मत के नाम पर ठेकेदार के द्वारा डामर डालकर लीपापोती की जा रही है। डामर डालने के बाद सड़क किनारे मिट्टी डाली जाती है। डामर भी ऐसा की पैर रखते ही सड़क पर डाली गिट्टी भिसक रही है। वाहनों के निकलने पर गिट्टी डामर सड़क से कट रही है। ऐसी स्थिति में मोटरसाइकिल चालक गिर रहे हैं। ठेकेदार के द्वारा आधी सड़क पर डामर डालकर अधूरा कार्य छोड़ दिया गया है। आधी सड़क में मरम्मत का कार्य होना बाकी है। जिस क्षेत्र में डामर नहीं बिछाई गई, वहाँ अब भी गिट्टियां उचटकर ग्रामीणों को चोटिल कर रही हैं। गढ्ढों में वाहन भी उचट जाते है। ग्रामीणों ने आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार के द्वारा मरम्मत कार्य में लीपापोती की जा रही है। जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



# बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम पिपरोध में आयोजित है।

शिविर के पंचम दिवस छात्राओं ने ग्राम सर्वे किया ग्राम सर्वे में पाया कि यहां की जनता शिक्षा स्वास्थ्य को लेकर के काफी चिंतित है और अपने बच्चों को स्कूल भेजने में सदैव तत्पर रहते हैं। स्वच्छता के संबंध में भी यह जागरुक है घरों में शौचालय है महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक है ।

छात्राओं ने फाइल एरिया मलेरिया टीवी आदि विभिन्न रोगों के बारे में लोगों को बताया और लोगों को जागरूक किया।

छात्राओं ने स्कूल के विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में बताया जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों से भी बच सके। इसी क्रम में बौद्धिक सत्र में अरविंद तिवारी और सुश्री अंकिता तिवारी डॉ जोयोतसना पाठक की उपस्थिति विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक रही।

अरविंद तिवारी ने गायत्री मंत्र के प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया सुश्री अंकिता तिवारी ने छात्राओं को उत्साह से निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जोशना पाठक ने भी छात्राओं को उत्साहित किया और कहा की एन एस एस से हम व्यक्तिगत जीवन के साथ समाज सुधार का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के तृतीय चरण में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और सभी का मनमोह लिया।

## तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बताई परेशानियां

# पटवारी सहायकों ने खेतों में पहुँचकर किया गिरदावरी, अब तक नहीं मिला मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

किसानों की फसलों की गिरदावरी करने के लिए पटवारी के साथ नियुक्त किये गए सर्वेयर मानदेय को लेकर परेशान है। बीते दिनों ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल को सौंपे ज्ञापन में सर्वेयरों ने मांग किया कि उन्हें रोजगार सहायकों की तरह राजस्व विभाग में दर्जा मिले। नियमित काम और मानदेय दिया जाये। दुर्घटना बीमा के साथ मौसम आधारित शारिरिक कवच,पहचान पत्र और मोबाइल रिचार्ज दिया जाये।



### सर्वेयरों को किया नियुक्त

सर्वेयर शिवप्रसाद साहू,भगवत प्रसाद लोधी, तुलसीराम धुर्वे,अरविंद तिवारी, गुमान सिंह, अशोक यादव, राकेश मरावी,पूजा सोनी, मनीष झारिया,रोहित विश्वकर्मा सहित सर्वेयरों ने बताया कि ढीमरखेड़ा तहसील में करीब 100 से अधिक पटवारी सहायकों को सर्वेयरों के रूप में नियुक्त किया गया था। इन सहायकों का कार्य खेतों में पहुंचकर खसरे के आधार पर फसल की गिरदावरी करना था।

उन्होंने बताया कि तीन माह (अगस्त से अक्टूबर 2024) तक पूरी ईमानदारी से काम किया और शासन के दिए हुए एप पर सर्वे कार्य को अपलोड किया है। प्रति खसरे 8 रुपये के हिसाब से मिलने वाला मानदेय पिछले सात माह बाद भी नहीं मिला है।जिससे कि सर्वेयर आर्थिक तंगी का सामना कर रहे है।

### अब फसलों का सर्वे निजी एजेंसियों से

सर्वेयर उदयराज सिंह, पुनीत बर्मन, राहुल पटेल,आनंद रजक, विनोद सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य ने बताया कि सर्वेयरों के द्वारा खरीफ की फसलों की गिरदावरी (डिजिटल क्रॉप सर्वे) की गई है।अब तक मानदेय नहीं मिला। अब सरकार फसलों का सर्वे निजी एजेंसियों के माध्यम से कराना चाहती है।

## तिलक कॉलेज में सतत मूल्यांकन परीक्षा आयोजित



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में स्नातक प्रथम वर्ष की विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों की आज सतत मूल्यांकन पद्धति के अंतर्गत लिखित परीक्षा ली गई।

# कक्षा 10वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में नकल का एक प्रकरण हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 3 मार्च को प्रदेश में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया।

जिले मे सोमवार को आयोजित कक्षा 10 वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा 97 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई। जिस भर कुल दर्ज 15 हजार 341 विद्यार्थियों में से 15 हजार 024 विद्यार्थियों ने परीक्षा में उपस्थित होकर अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। जबकि 317 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे।



परीक्षा में कानून व्यवस्था एवं परीक्षा की पवित्रता बनाये रखने एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक द्वारा निरीक्षण दल ने परीक्षा केंद्रों तेवरी, कुंआ, बचौया, उत्कृष्ट बहोरीबंद का आकस्मिक निरीक्षण किया।

परीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों मे मौजूद रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संचालित कराया गया। वहीं आज आयोजित परीक्षा के दौरान नकल का 1 व्यक्तिगत प्रकरण दर्ज किया गया।

## 8 मार्च को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# लोक अदालत में संपत्ति कर, जल प्रभार, अन्य प्रभारों के सरचार्ज में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आगामी 8 मार्च शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा संपत्ति कर, जल प्रभार तथा अन्य उपभोक्ता प्रभार के सरचार्ज में छूट देने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश अनुसार संपत्ति कर के ऐसे मामले जिनमें कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया है उस पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसी तरह संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक और 01 लाख रुपये तक बकाया है, ऐसे मामलों में मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि 01 लाख रुपए से अधिक बकाया है पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।




जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे मामले जिनमें जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10,000 तक बकाया है पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे मामले जिनमें जल प्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10000 रुपये से अधिक तथा 50000 रुपये तक बकाया है ऐसे मामलों में केवल अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसी तरह जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण जिनमें जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 50,000 से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए यह छूट वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर देय होगी। छूट उपरांत राशि अधिकतम दो किस्तों में जमा कराई जा सकेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा करवाना अनिवार्य होगा। शेष राशि अधिकतम एक माह की समय सीमा में जमा करना अनिवार्य होगा। यह छूट नेशनल लोक अदालत के लिए ही मान्य होगी।

## होली में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने लिया निर्णय

# कटनी होकर चलेंगी होली स्पेशल ट्रेन, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल ने पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-जबलपुर के मध्य तीन-तीन ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।



### कहां कितने बजे पहुंचेगी ट्रेन

होली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन 08,12 एवं 15 मार्च 2025 को जबलपुर से रात 20:20 बजे प्रस्थान कर कटनी 21:35 बजे, मैहर 22:40 बजे, सतना 23:10 बजे पहुँचकर अगले दिन भोर में प्रयागराज छिवकी 04:35 बजे पहुँचकर, और सायं 16:45 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 09, 13 एवं 16 मार्च 2025 को आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से सायं 18:05 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन प्रयागराज छिवकी भोर में 03:35 बजे, सतना सुबह 07:15 बजे, मैहर 07:40 बजे, कटनी 08:35 बजे और सुबह में 10:00 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

### ट्रेन में रहेंगे 22 कोच

इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 05 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 01 एसएलआरडी, 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविन्दपुरी जंक्शन (कानपुर), इटावा, टुंडला, अलीगढ जंक्शन एवं गाज़ियाबाद स्टेशनों पर रुकेगी।

रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से 4 मार्च से इस होली स्पेशल ट्रेनों के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए होली स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन से प्राप्त कर सकते है।

## लोकसेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत लगा जुर्माना

# विलंब से प्रमाण पत्र देने पर 4 सचिवों पर 3 हजार रूपये की शास्ति आरोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा से 3 दिन विलंब से जन्म प्रमाण पत्र देने पर 4 पंचायत सचिवों के विरूद्ध कुल मिलाकर 3 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

ग्राम मुरवारी के आवेदक मनमोहन पटेल ने ग्राम पंचायत सचिव बशरूल हक मंसूरी को जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्र का आवेदन 13 जनवरी को किया था। जिसका निराकरण 23 जनवरी को किया जाना था। लेकिन 27 जनवरी की स्थिति में आवेदन समय से बाह्य प्रदर्शित होकर लंबित था। इस मामले को स्वप्रेरणा से लेते हुए विलंब के लिए आवेदन के निराकरण के बिना पर्याप्त एवं युक्तियुक्त कारण के समयावधि में सेवा प्रदाय करने में विलंब के लिए 750 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

इसी प्रकार तीन अन्य मामलों में ग्राम घाना के सचिव शंकरलाल साहू पदाभिहित अधिकारी द्वारा आवेदक ग्राम घाना निवासी सुनील कुमार राजभर तथा दिलीप कुमार राजभर के तीन जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निराकरण 23 जनवरी को समय बाह्य प्रदर्शित होकर लंबित था। लेकिन 27 जनवरी की स्थिति में आवेदन समय से बाह्य प्रदर्शित होकर लंबित था। इस मामले को स्वप्रेरणा से लेते हुए विलंब के लिए आवेदन के निराकरण के बिना पर्याप्त एवं युक्तियुक्त कारण के समयावधि में सेवा प्रदाय करने में विलंब के लिए तीनो मामलों को मिलाकर 2250 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है।

### वेतन से होगी वसूली

उक्त शास्ति पदाभिहित अधिकारियों एवं ग्राम सचिव के आगामी वेतन से वसूली की जाकर आवेदकों को प्रतिकार के भुगतान के रूप में 750 रूपये के मान से अधिनियम के प्रावधान के तहत प्रदान की जायेगी। संबंधित पदाभिहित अधिकारी और पंचायत सचिवों के विरूद्ध शास्ति का आदेश जिला रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु पवन कुमार अहिरवार द्वारा जारी किया गया है।

खबर संक्षेप



## राम कथा में लंका दहन की कथा का सुनाया प्रसंग

**सिलौंडी।** गनियारी में चल रही श्रीराम कथा और श्रीराम महायज्ञ में कथावाचक राकेश कुमार त्रिपाठी ने सीता हरण के बाद जंगल में भगवान राम द्वारा माता सीता को ढूंढने, सुग्रीव मिलन, बाली का वध सहित हनुमान जी के लंका जाकर लंका दहन की कथा का प्रसंग का वर्णन किया गया। मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सरपंच गोकर्ण मिश्रा, अमरेश राय ने कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया है। इस दौरान उमेश पांडे संरक्षक यज्ञ समिति, किशन मिश्रा, राकेश पटेल, जगपाल पटेल, भोला मिश्रा, प्रमोद पटेल, रमेश पांडे एवं ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

## अब 29 एवं 30 मार्च को होगा मिलेट्स फूड फेस्टिवल एवं मेला

**कटनी।** संभागीय आयुक्त अभय वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर प्रांगण में संभागीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल एवं मेला 2025 का आयोजन अब आगामी 29 एवं 30 मार्च 2025 को आयोजित किया जायेगा। पूर्व में उक्त मेले का आयोजन 10 एवं 11 मार्च को किया जाना नियत था जिसकी तिथियों में संशोधन किया गया है। मेले में कृषक बीज विक्रय एवं उत्पाद विक्रय केंद्र की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें कृषक अपने उत्पाद का विक्रय कर सकेंगे। इसमें जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से लगभग 670 कृषकों को सम्मलित किया जाना प्रस्तावित है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के उप संचालक ने मेले में सम्मिलित होने हेतु जिले के क्रियाशील एफ.पी.ओ. को भी निर्देशित किया गया है कि अपने एफ.पी.ओ. से संबंधित कृषकों की अधिक से अधिक उपस्थिति करावें, ताकि कृषक अपने उत्पादों की बिक्री एवं मूल्य संवर्धन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

## उत्कृष्ट, मॉडल स्कूल की प्रवेश परीक्षा 9 मार्च को

**कटनी।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट, मॉडल स्कूलों एवं संस्कृत आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 9 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र समय पर डाउनलोड करें और निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में सम्मिलित हों। अधिक जानकारी के लिए संबंधित वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

## नवीन संविदा कर्मचारी नीति का किया निर्धारण

**कटनी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की नवीन संविदा कर्मचारी नीति-2025 का निर्धारण किया गया है। यह निर्णय स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुचारू बनाने में भी सहायक होगा। एनएचएम की नवीन नीति में संविदा कर्मचारियों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान की गई हैं। अब कर्मचारियों को हर वर्ष अनुबंध के नवीनीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए एक पारदर्शी और समयबद्ध वार्षिक सेवा आधारित रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की गई है। कर्मचारियों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए एक अपीलीय अनुक्रम स्थापित किया गया है। संविदा कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का अधिकार केवल मिशन संचालक एनएचएम के पास होगा और यह केवल प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करने के बाद ही किया जा सकेगा। नवीन नीति में वेतनवृद्धि को भी एक सुव्यवस्थित ढांचे में लाया गया है। अब उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर नियमित वेतनवृद्धि का लाभ मिलेगा। गर्भवती महिलाओं को नियुक्ति के समय प्रसव के छह सप्ताह बाद (सातवें सप्ताह से) कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे वे मातृत्व के शुरुआती दिनों में समुचित देखभाल प्राप्त कर सकेंगी।

### दुकानें होने के बाद भी सड़क पर किया जा रहा कारोबार, जाम से होती है परेशानी

# बिलैया तलैया सब्जी मंडी में लोगों का पैदल निकलना भी हो रहा है दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बिलैया तलैया सब्जी मंडी में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सड़क कारोबार किये जाने से यहां दिन भर लोगों को जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। यह समस्या सालो से है लेकिन सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंडी में अतिक्रमण, जाम और गंदगी स्थायी समस्या बनी हुई है। बदहाली और शोर शराबा के बीच रहने की तो स्थानीय सब्जी व्यापारियो की आदत में शुमार हो गया है लेकिन सब्जी खरीदी के लिये पहुंचने वाले जनसामान्य को यहा हद दर्जे की बदइंतजामियां झेलनी पड़ रही है। दरअसल सब्जी मंडी में व्याप्त अव्यवस्था से यहां दुकान लगाने वाले व्यापारियों से लेकर सब्जी मंडी में व्यवस्था सुधारने को लेकर जिम्मेदार ध्यान नही दे रहे है। सब्जी मंडी में प्रवेश करने के साथ ही आमजनों की परेशानी बढ़ जाती है। समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से लेकर किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।





सब्जी मंडी में दिन के समय तिपहिया वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बाद यहां वाहनो का प्रवेश हो रहा है। एक तो दुकानदारो द्वारा आगे बढ़ाकर दुकान लगाने और उपर से वाहनो की आवाजाही के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस बारे में यातायात विभाग द्वारा भी कोई कार्यवाही नही की जाती। सब्जी मंडी में सब्जी लेने वालो के लिये आने वाले लोग असुविधाओं को लेकर जिम्मेदारो कोसते है।

सब्जी मंडी में दुकाने व्यापार के लिये आवंटित की गई है लेकिन लगभग हर दुकानदार ने उपरी कमाई के लिये सिकमी किरायेदार रख लिया है या स्वयं ही सड़क पर दुकान लगा ली जाती हैं। जिससे आमजनों को परेशानी होती है। बिलैया तलैया सब्जी मंडी में जाम लगने की मुख्य वजह सड़क पर लग रही दुकानें हैं। सब्जी बेचने वाले सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण कर सब्जी की दुकान लगा लेते हैं। जिसके कारण सड़क संकरी हो जाती है। सब्जी मंडी में दुकान संचालक दुकान का उपयोग गोदाम की तरह और सड़क का उपयोग दुकान की तरह कर रहे हैं। दुकान के अंदर सब्जी का स्टॉक रखते हैं और सब्जी को सड़क पर रखकर बेचते हैं। यह सब होने के बाद भी जिम्मेदार उदासीन है। लोग हर दिन सब्जी मंडी में लगने वाले जाम से परेशान होते हैं।




## रैली निकालकर डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**गोद ग्राम कुआं में सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का आयोजन**

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में संचालित हो रहा है। साथ ही शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती सत्यवती सिंह, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सतीश विश्वकर्मा, कैश अंसारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, शंकर सिंह, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। शिविर के पंचम दिवस प्रातः काल सर्वप्रथम जागरण, परेड, व्यायाम, योग एवं स्वल्पाहार करने के पश्चात परियोजना कार्य में डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता थीम पर रैली एवं नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में आवाज संस्था के बड़वारा के प्रभारी मनोज बारस्कर एवं कल्पना द्विवेदी तथा महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को बाल विवाह, बाल संरक्षण एवं पास्को एक्ट से संबंधित जानकारी स्वयंसेवकों तथा ग्रामवासियों को दी गई। प्रतिदिवस की भांति सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतिया दी गई। जिसमें स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का किया गया स्वागत**

## अजाक्स संघ का सम्मान समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अजाक्स संघ द्वारा गत दिवस सम्मान समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। बीते फरवरी माह के आखिरी सप्ताह में अजाक्स संघ जिला कटनी द्वारा निर्वाचन कार्य कराया गया था। चुनाव कार्य के समापन उपरांत गत दिवस रेस्ट हाउस सिविल लाइन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामकलश साकेत जिलाध्यक्ष आज़ाक्स सतना के मुख्य आतिथ्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश दुबे, संयुक्त मोर्चा संस्थापक सरमन तिवारी, अखिलेश मेहरा, अजाक्स जिला सतना के कोषाध्यक्ष जवाहर लाल साकेत, प्रांतीय शिक्षक संगठन जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी,



काग्रेस शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री जनाब इलियास अहमद जिला अध्यक्ष अजय सिंह, आजाद अध्यापक संघ के प्रांतीय संयोजक, रामशंकर तिवारी एवं जिला अध्यक्ष संजय मिश्रा, राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष जे. पी. हल्दकार आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम महापुरुषों के छाया चित्र में माल्यार्पण उपरांत उपस्थित अतिथियों ने बारी बारी से विचार रखते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे के साथ- साथ नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे, जिला महासचिव पूर्णेश उइके, सुगराम रैदास जिला सयुंक्त सचिव बैसाखू राम रैदास तहसील अध्यक्ष बहोरीबंद, गुड्डा प्रसाद रैदास जिला अध्यक्ष बड़वारा,सहनाम सिंह आरटे तहसील अध्यक्ष ढीमरखेड़ा, मंगल सिंह मरावी ब्लाक अध्यक्ष बड़वारा रमेश प्रसाद ब्लाक अध्यक्ष ढीमरखेड़ा एवं मनोनीत सदस्यों को प्रमाण पत्र जारी कर सम्मानित किया गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शाल श्रीफल मोमेंटो फूल माला से सम्मानित किया। एवं मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला कटनी ने मुख्य अतिथि रामकालेश साकेत जिलाध्यक्ष आज़ाक्स संघ सतना अरविन्द सिंह धुर्वे नव निर्वाचित आज़ाक्स संघ अध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष आज़ाक्स संघ सोहन लाल चौधरी का शाल श्रीफल मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष सोहन लाल चौधरी अजाक्स ने किया।

## गायत्री नगर पुलिया समीप किन्नरों के दो गुटों आपस में भिड़े



कोतवाली थाना अंतर्गत सिविल लाइन स्थित गायत्री नगर पुलिया पर सोमवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे किन्नरों के दो गुट भिड़ गए। पहले पक्ष में नंदनी, कशिश, मुस्कान और रीना शामिल थीं। दूसरे पक्ष में गंगा गुरु के नेतृत्व में नैना, राधा, रोशनी, मुकेश, प्रियंका समेत करीब 15 लोग मौजूद थे। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया। झड़प इतनी भयंकर थी कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के बाल तक काट दिए। इस हिंसक घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा के अनुसार, पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है।

## विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करने आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नेहरू युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में विगत दिवस नेहरू युवा केंद्र कटनी की जिला युवा अधिकारी श्रीमती कीर्तिका कुहर व लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में विश्व सामाजिक न्याय दिवस एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास खिरहनी में किया गया।

### कार्यक्रम का ये है उद्देश्य

कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ अम्बेडकर एवं वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकटरमन के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना रहा। इसमें गरीबी, बहिष्कार, लैंगिक असमानता, बेरोजगारी,



मानवाधिकार, और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे होते हैं, ताकि समाज में प्रत्येक व्यक्ति अपने मानवाधिकारों और आत्मसम्मान के साथ जीवन बिताये। स्थल पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है।

छात्रावास में सामाजिक न्याय दिवस एवं विज्ञान दिवस पर जालपा युवा मंडल के अध्यक्ष अमर रैदास के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन आदि प्रोग्राम आयोजित किये गये। सभी सहभागी युवाओं को कार्यक्रम के अतिथि अधीक्षक शेख साबिर एवं संतोष त्रिपाठी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**बायोमेट्रिक सत्यापन एवं ओटीपी के माध्यम से पंजीयन की सुविधा**

## समर्थन मूल्य में गेहूं उपार्जन के लिए 31 मार्च तक होगा किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन के आदेशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन बायोमेट्रिक सत्यापन, ओटीपी के माध्यम से पंजीयन कराने की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था अंतर्गत मृत कृषक, ट्रस्ट एवं धार्मिक संस्थान की भूमि, आधार विहीन कृषक एवं वृद्ध शारीरिक रूप से असक्षम कृषक जिनके बायोमेट्रिक सत्यापन संभव नहीं है, के पंजीयन में आ रही कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए डीएसओ लॉग इन से पंजीयन की निम्नानुसार व्यवस्था की गई है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि ऐसे कृषक जिनकी मृत्यु के उपरांत भूमि का नामांतरण नहीं हो पाया है, के संबंध में जानकारी ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। कृषक का नाम,प्रमाण पत्र में दर्ज मृत्यु दिनांक, भूमि नामांतरण के लिए प्रस्तुत आवेदन तिथि, नामांतरण प्रकरण की वर्तमान स्थिति यह प्रारूप अंतर्गत जानकारी दर्ज की जाएगी। मृत कृषक के परिवार के उत्तराधिकारी सदस्यों की सहमति-पत्र के आधार पर एक व्यक्ति को ही नॉमिनी के रूप में दर्ज किया जाना होगा, नॉमिनी का समय सदस्य आईडी, आधार नंबर, आधार से लिंक मोबाइल नंबर आधार अर्थटिकेशन उपरांत (ओटीपी,बायोमेट्रिक) पंजीयन किया जाएगा। मृत कृषक के रकबे पर बोई गई फसल विक्रय की राशि का भुगतान सहमति-पत्र के आधार पर नॉमिनी के आधार से लिंक बैंक खाते में ही भुगतान किया जाएगा।

ट्रस्ट एवं धार्मिक संस्थान की भूमि पर फसल बुवाई हेतु अधिकृत व्यक्ति को जारी प्राधिकार पत्र को प्रति प्रस्तुत करना होगी एवं प्राधिकार पत्र में उल्लेखित नाम से पंजीयन किया जा सकेगा एवं उस अधिकृत व्यक्ति (नॉमिनी) का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर का उल्लेख आवश्यक होगा। उक्त नॉमिनी का समय सदस्य आईडी, आधार नंबर, आधार से लिंक मोबाइल नंबर आधार आर्येटिकेशन उपरांत पंजीयन किया जाएगा। ट्रस्ट एवं धार्मिक संस्थान द्वारा रकबे पर बोई गई फसल विक्रय की राशि का भुगतान नॉमिनी के आधार लिंक बैंक खाते में ही किया जाएगा। ट्रस्ट एवं धार्मिक संस्थान का पंजीयन खसरे में दर्ज भूमि के बोए गए रकबे एवं फसल के आधार पर पंजीयन किया आएगा।

ऐसे शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृद्ध कृषक जिनके फिंगर प्रिन्ट स्पष्ट न होने से आधार डेटाबेस में मोबाइल नंबर अपडेशन एवं बायोमेट्रिक सत्यापन संभव नहीं है, को परिवार के किसी सदस्य को नामिनी के रूप में नियुक्त करना होगा। उक्त नॉमिनी का समय सदस्य आईडी आधार नंबर, आधार से लिंक मोबाइल नंबर आधार ऑर्थेटिकेशन उपरांत पंजीयन किया जाएगा।

**संत समागम एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

## घर में रहते हुए तपस्वी जीवन जीना बहुत बड़ी बात है : महामंडलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व और बीके राजयोगिनी पुष्पा दीदी सब कोऑर्डिनेटर धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन राजिम मप्र, राजयोगी नारायण भाई जोन कोआर्डिनेटर धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन के मार्गदर्शन में गायत्री नगर स्थित नीरज टॉकीज प्रांगण में आयोजित संत समागम एवं गृहस्थ जीवन में कमल समान जीवन यापन करने वालों 50 युगलो के सम्मान समारोह का शुभारंभ अतिथियों और युगल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत महामंडलेश्वर कमल किशोर महाराज शिवशक्ति अखाड़ा सहारनपुर, गुरुमाता साध्वी अनीता दीदी सहारनपुर, आचार्य परमानंद ग्राम सोहरा जिला सतना, बीके




राजयोगिनी पुष्पा दीदी सब कोऑडिनेटर धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन राजिम मप्र. राजयोगी ब्रह्माकुमार नारायण भाई जोन कोऑर्डिनेटर धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन, पुष्पेंद्र महाराज प्रेम नारायण जन सेवा संस्थान,गिरधर महाराज, पूर्व विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार का स्वागत समाजसेवी शिल्पी सोनी, नीलम जगवानी, आशा कोहली, सौम्या रांधेलिया ने तिलक दुपट्टा और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। महापौर प्रीति संजीव सूरी, मजिस्ट्रेट सिद्धी मिश्रा,विनय ज्योति दीक्षित, शिल्पी सोनी ,नीलम जगवानी, सौम्या रांधेलिया, रजनी वर्मा ,सुमन रजक का सम्मान बहनों द्वारा किया गया। सिद्धपीठ मां जालपा मंदिर के पुजारी लालजी पंडा का भी सम्मान मंच से संतो द्वारा किया गया।

बीके नारायण भाई अपने उद्बोधन में कहा कि ओमशांति का कितना प्यारा मंत्र है सब समस्याओं का समाधान कर देता है मन निर्मल हो जाता है। ऐसा मंत्र देने वाला शिव, जिसकी हमने अभी शिवरात्रि भी मनाई। एक तरफ है प्रयागराज का कुंभ और दूसरी तरफ है ज्ञान का कुंभ। जीवन को कमल जैसा बनना है तो केवल मुस्कुराओ। दूसरों को खुशी देने से बड़ा परोपकार हो ही नहीं सकता है। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि कितने सौभाग्य की बात है कि .यहां इतने संत पधारे हुए हैं यह सत्य है कि शिव ही सुंदर है,सत्य है। शिव हो बैकुंठ तक पहुंचाते हैं। मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। ब्रह्माकुमारी बहने लगातार ज्ञान का दीपक जलाती रहती है वह साधु बात की पात्र है।

महामंडलेश्वर कमल किशोर ने कहा कि सन्तों का मिलन बड़ी मुश्किल से होता है। हम भगवा कपड़े में दिख रहे हैं लेकिन श्वेत कपड़ों में बैठे हुए सन्त हैं। हम तो घर बार छोड़कर तपस्या करने निकल जाते हैं। लेकिन आप लोग घर मे रहते हुए तपस्वी जीवन जीते हैं। ये बड़ी बात है।

परमानंद महाराज ने कहा कि अगर ब्रह्माकुमारीज़ कहती हैं कि भगवान आया हुआ है तो कोई तो आधार होगा। आप आकर समझो तो सही। हम तो ब्रह्माकुमारी संस्था में ही हैं। भारत की चारो दिशाओं में विश्व के कोने कोने में बोलेंगे कि भगवान आया हुआ है। किसी को दिक्कत हो तो हमसे आकर मिले। साधु संतों का काम हमारी ब्रह्माकुमारी बहने कर रही हैं। नारी को समाज मे अबला कहा गया, परमात्मा को अबला को सबला बनाना पड़ा।

## गर्मी के मौसम में बिजली का बिल घटाने के आसान तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गर्मी के मौसम में अक्सर बिजली बिल बढ़ जाता है, जिसकी वजह कुछ जरूरी उपकरणों का इस्तेमाल तथा उनके रखरखाव में कमी होती है। जैसे-जैसे पारा चढ़ता है, वैसे-वैसे ए.सी., कूलर, पंखों का इस्तेमाल बढ़ जाता है। ऐसे में आपका बिजली का बिल ना बढ़े, इसके लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कुछ कारगर तरीके सुझाये गए हैं। ए.सी. इस्तेमाल करने वालों के लिए टिप्स यह है कि वह अपने ए.सी. के टेम्प्रेचर को 27 डिग्री पर सेट करें। इससे नीचे टेम्प्रेचर करने पर ए.सी. के कंप्रेशर को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

ए.सी. ज्यादा देर तक चलता है, इसलिए बिजली भी ज्यादा खर्च होती है और आपका बिल ज्यादा आता है। बेहतर होगा कि ए.सी. के साथ-साथ कमरे में पंखा भी चलाएं। ए.सी. के एयर फिल्टर को हर 10-15 दिनों में अच्छी तरह धोकर साफ करें। फिल्टर में धूल जमने में आपको पूरी ठंडक नहीं मिलती और आपको ए.सी. ज्यादा देर तक चलाना पड़ता है। ए.सी. वाले कमरों के खिड़की- दरवाजे ए.सी.चलने के दौरान मजबूती से बंद रखें। यदि दरवाजे-खिड़कियों में झिरियां हों तो उन्हें थर्मोकोल आदि का इस्तेमाल कर सील कर दें।

इसी तरह कूलर इस्तेमाल करने के लिए भी कुछ जरूरी टिप्स हैं। कूलर से पूरी ठंडक पाने के लिए जरूरी है कि कूलर जितनी हवा फेंक रहा है उतनी हवा कमरे से बाहर निकलने का भी पूरा इंतजाम हो। कूलर के पैड यदि खराब हो गये हैं तो उन्हें बदलवा लें। कूलर के पंखे और पंप की आइलिंग ग्रीसिंग के साथ ही कंडेंसर की जांच जरूर करायें। पुराने रेगूलेटर की जगह इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर लगाने, इससे बिजली कम खर्च होती है। इसी तरह पंखे इस्तेमाल करने के दौरान जरूरी है कि घर के सब पंखों की सर्विसिंग करा लें।

खबर संक्षेप

## शत्र लायसेंस की आज विशेष जनसुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में आज 04 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में शस्त्रअ लायसेंस से संबंधित आवेदकों की विशेष जन सुनवाई की जायेगी। जिले के ऐसे आवेदक जनसुनवाई में आ सकते हैं। साथ ही इस दौरान सामान्य जनसुनवाई भी की जायेगी। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों से संबंधित आवेदकों की भी विशेष जनसुनवाई की जाएगी।

## तिदुन्हाई माध्यमिक शाला ने प्री प्राइमरी प्रदर्शनी में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**पन्ना।** शासन की मंशानुशार बच्चो में रचनात्मक विकास, भाषा एवम संज्ञानात्मक विकास की दृष्टि से जिले भर में प्री प्राइमरी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था जिसमे जिले के सभी विकास खंडों के विद्यालयों इसका प्रदर्शन किया गया था विभिन्न मानकों को परखने के बाद गुनौर विकास खंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला तिदुनहाई ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गुनौर विकास खंड का नाम जिले भर में रोशन किया है। इस सफलता में विशेष योगदान देने वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रताप सिंह और प्री प्राइमरी शिक्षिका श्रीमती संध्या गर्ग को पूरे विकास खंड और जिले भर के अध्यापक संवर्ग से शुभकामनाएं संदेश भेजे गए और उज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की गई।

## जंगली सुअर का हमला, महिला हुई घायल जिला चिकित्सालय रेफर

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विक्रमपुर ग्राम के हार में एक जंगली जानवर के हमले का मामला सामने आया है जिसमें एक 60 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल है प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर 12 बजे एक जंगली सूअर द्वारा जंगल छोड़ रिहायशी इलाके में घुसकर खेत पर कार्य कर रही महिला पर हमला कर दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे परिजन आनंन फानन में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां घायल महिला जनिया बाई पति परम आदिवासी उम्र 60 वर्ष निवासी विक्रमपुर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया बताया जाता है की हमले से महिला का हाथ भी फैक्चर है वहीं स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद वन विभाग की टीम ने महिला को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया है

## देवेंद्र नगर में नल जल योजना के तहत सड़क खुदाई से बढ़ी समस्याएँ

**देवेंद्रनगर।** देवेंद्रनगर में नल जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के नाम पर ठेकेदार ने शहर की सड़कों की खुदाई तो की, लेकिन इनकी मरम्मत करना पूरी तरह से भूल गया। तीन दशक पहले बनी ये सड़कें न केवल मजबूत थीं, बल्कि आवागमन के लिए भी बेहद सुविधाजनक थीं। लेकिन अब पाइपलाइन डालने के नाम पर इन सड़कों को खोदकर मिट्टी डाल दी गई और छोड़ दिया गया है, जिससे पूरे शहर की सड़कों की हालत खस्ता हो गई है।

दमोह छतरपुर हाइवे पर हुआ हादसा

# गाय को बचाने नदी में गिरी मूंगफली की बोरियों से भरी ट्रेक्टर ट्राली, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ़



दमोह छतरपुर हाइवे पर बटियागढ़ की जुड़ी नदी में सोमवार दोपहर एक मूंगफली से भरी ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने ट्रेक्टर में दबे चालक को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। गाय को बचाते समय यह हादसा हुआ है। घनश्यामपुरा गांव निवासी राकेश जैन का यह ट्रेक्टर है। जिसमें मूंगफली के बोरे रखकर चालक बटियागढ़ से घनश्यामपुरा जा रहा था। जैसे ही ट्रेक्टर ट्राली जुड़ी नदी पर पहुंची एक गाय ने अचानक दौड़ लगा दी और सामने आ गई। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि चालक शराब के नशे में था। जिससे ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर नदी से नीचे गिर गया और ट्राली पुल पर खड़ी रही। इस हादसे में ट्रेक्टर चालक फीरोज पिता गुड्डा खान उम्र 28 निवासी घनश्यामपुरा नीचे दबकर घायल हो गया क्योंकि जहां ट्रेक्टर गिरा वहां पानी नहीं था पत्थर थे। स्थानीय लोगों ने चालक को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जुड़ी नदी पर बना पुल काफी नीचे है और यहां रेलिंग नहीं लगी। इसलिए आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। कुछ यही मूंगफली से भरे ट्रेक्टर के साथ हुआ। चालक ने गाय को बचाने जैसे ही ब्रेक लगाया तो सिंगल ब्रेक लगने के कारण ट्रैक्टर नदी में गिर गया। स्थानीय लोगों ने ट्राली से मूंगफली के बोरे उतारकर ट्राली को पुल से हटाया और पुलिस को भी सूचना दी गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी के पुल पर रेलिंग लगाने की मांग की है।

## पीएम आवास योजनाः ग्रामीण क्षेत्र में विशेष शिविरों का आयोजन

**बनवार।** ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे को मिशन मोड में करवाने के लिए जबेरा जंप ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन करने के लिए सरकार ने एक विशेष योजना बनाई है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घरों के लिए आवेदन करने के लिए विशेष शिविर ग्राम पंचायत बनवार में लगाया गया जिसमें, 25 लोगों ने अपने घरों के लिए आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ जमा किए गए । इसके अलावा, शिविर में मौजूद ग्राम पंचायत सचिव मदन मोहन तिवारी रोजगार सहायक हरगोविंद शर्मा ने लोगों को आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया बता दें। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घरों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत, लोगों को घर बनाने के लिए 1.2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

## मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में हो साफ सफाई व सुचारू बिजली व्यवस्था - शहज़ाद खान



**दमोह।** इस्लामी माह माहे रमज़ान का मुबारक माह शुरू हो गया है । जो अपनी विशेषताओं और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। जिसमें दुनियाभर में मुस्लिम भाई रोजा रखकर खुदा की इबादत करते हैं । और ज़्यादा से ज्यादा नेक काम करके अल्लाह को राजी करने रोजा रखकर इबादतें करते हैं यह पूरा माह रहमतों बरकतों का पवित्र महीना है । मुस्लिम समाज दमोह के जश्ने ईद मिलादुन्नबी शहर अध्यक्ष जनाब शहज़ाद खान साहब ने समस्त जिले वासियों के लिए पवित्र रमज़ान माह की मुबारकबाद दी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पूरा महीना अच्छे और नेक कार्य करके खुदा की इबादतों में गुजारने वाला महीना है । पवित्र रमज़ान माह हमें अपनी ख्वाहिशात और नफ़्स अपनी इच्छाओं पर काबू करना सिखाता है साथ ही रोजा वो इबादत है जो हमें बुरे कामों से तो बचाता ही है बल्कि दूसरे की भूख और प्यास का एहसास भी कराता है । साथ ही यह उपवास आत्म-शुद्धि, आत्म-नियंत्रण और दूसरों के प्रति सहानुभूति को बढ़ावा देता है। दमोह मुस्लिम समाज के शहर अध्यक्ष ने नौजवानों से अपील की है ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारे यह महीना हमें अल्लाह ने नसीब फरमाया हैं । इसमें जितना हो सके रोज़ा रखकर नमाज़े अदा करें उन्होंने आगे कहा की पवित्र महीने में हमें चाहिये कि अपने पड़ोसियों की दुःख तकलीफ में मदद करें और शहर में अमन भाईचारे से रहते हुए इस माह को इबादत में गुजारे । रमजान माह में जकात और सदका (दान) देने का विशेष महत्व है। यह गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने का एक तरीका है। शहर कमेटी अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से अपील की है कि रमज़ान माह के दिनों में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में साफ सफ़ाई की ख़ास विवस्था बनाने रखने के प्रयास करें क्योंकि यह पूरा माह का पर्व है इसी माह में रात 9 बजे से शहर की मस्जिदों में नमाज़े तरावीह पढ़ी जाती हैं। तरावीह नमाज का विशेष महत्व है। यह नमाज सारे शहर की मस्जिदों में रात में अदा की जाती है और इसमें कुरान की तिलावत भी होती है ।

## स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में कलर कोडिंग की व्यवस्था की गई

**दमोह ।** सीबीएमओ पथरिया डॉ शशिकांत पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में हितग्राहियों की सुविधा एवं जिन हितग्राहियों को पढ़ने एवं संबंधित विभाग में पहुंचने में असुविधा होती है उनके लिए अस्पताल में पद चिन्हों के माध्यम से कलर कोडिंग की व्यवस्था की गई। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीज कलर पद चिन्ह को देखते हुए एनआरसी, लैब टीकाकरण कक्ष, एक्स-रे रूम, दंत चिकित्सा विभाग एवं प्रसव कक्ष में आसानी से पहुंच सकते हैं।

## तहसीलदार ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

### फार्मर रजिस्ट्री प्रगति की समीक्षा कर दिये निर्देश



बनवार। दमोह जिले के बनवार में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर तहसीलदार सोनम पांडे ने सोमवार को सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल और विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रही कक्षा 10वीं की परीक्षा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई और परीक्षा शांतिपूर्वक चल रही थी। सीएम राइज हायर सेकंडरी स्कूल में 242 परीक्षार्थी उपस्थित और 2 अनुपस्थित रहे, जबकि विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 144 परीक्षार्थी उपस्थित और 3 अनुपस्थित रहे। दोनों परीक्षा केंद्रों पर कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। तहसीलदार सोनम पांडे ने सभी परीक्षा कक्षों का भ्रमण किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र अध्यक्ष से परीक्षा केंद्रों पर सभी कक्षों के सीसीटीवी कैमरे की स्थिति, प्रवेश द्वार पर कड़ी निगरानी और किसी भी तरह की अनियमितता से बचाव के उपायों पर चर्चा की। इसके अलावा, तहसीलदार सोनम पांडे ने पटवारी कार्यालय पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री प्रगति, गिरदावरी और भूमि में आधार लिंक कार्य की समीक्षा की और पटवारियों को गिरदावरी कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवा लें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्रतिनिधि आर आई रितेश खरे पटवारी राजेशपटेल बी ई ओ विनोद बाजपेई की मौजूदगी रही।

## किशोरी बालिकाओं को पुलिस थाना हटा का भ्रमण कराकर, कार्यप्रणाली से कराया अवगत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जयवंत सिंह वर्मा के निर्देश एवं परियोजना अधिकारी हटा शिवराय के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को पुलिस थाने हटा का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान उपस्थित किशोरी बालिकाओं को महिलाओं से जुड़े अधिकार ईव टीजिंग, पॉक्सो एक्ट, किशोरी बालिकाओं के परामर्श संबंधी जानकारियां एवं सुरक्षित असुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी गई एवं थाने के अंदर होने वाली समस्त गतिविधियों का ब्यौरा दिया गया । जिससे बच्चे सहज महसूस कर सके और अपनी समस्याओं को व्यक्त कर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें। इस दौरान समस्त उपस्थित छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181एवं साइबर क्राइम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में महिला बाल विकास से संध्या साहू, चंद्रकांती बहोत्रा, मिनी अर्पिता नाथन, आंगनबाड़ी कार्यकर्तायें एवं थाना स्टाफ हटा की उपस्थिति रही।

## हिंदी साहित्य सम्मेलन का कृष्णा सोबती जन्म शताब्दी समारोह सम्पन्न

**दमोह।** म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन इकाई दमोह द्वारा कृष्णा सोबती जन्म शताब्दी समारोह एवं नगर के वरिष्ठ कवित सत्यमोहन वर्मा का सम्मान (साखी साहित्य परिषद करेली नरसिंहपुर द्वारा) समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. रघुनंदन चिले मुख्य अतिथि, वक्ता प्रोफेसर माधव श्रीवास्तव करेली रहे। सरस्वती वंदन उपरांत श्री नारायण श्रीवास्तव अध्यक्ष साखी साहित्य परिषद, सचिव खलील करेलवी द्वारा वर्मा जी का सम्मान कर अभिनंदन वाचन किया गया तदोपरांत कृष्णा सोबती के कथा साहित्य की चिंतन भावधारा को रेखांकित करते हुए माधव श्रीवास्तव ने कहा कि आधुनिक युग के साहित्य गगन में ध्रुवतारा जैसी चमक लिये उनका कहानी लेखन रोशनी बिखेर रहा है। देश के विभाजन की विभीषिका से उत्पन्न त्रासदी को कृष्णा सोबती जी ने देखा और भोगा और उनके घटक तत्वों को अपने कहानी लेखन में समाहित किया। कहानी "सिक्का बदल गया" उनकी बेमिसाल कहानी है जो प्रभाव उत्पादकता से परिपूर्ण होकर चर्चित है जिसमें पारिवारिक बोध, रिश्तों का निर्वाह, जीवन मूल्यों का संरक्षण और सांस्कृतिक परिवेश को इंगित करता है। वो अपनी कहानियों में नारी विमर्श में भारतीय संस्कृति को लेकर उसे संजोकर चलती हैं। विभाजन से जन्में वैमनस्य के तरलीकरण में उनकी कहानियां प्रेरक और सहायता करने वाली हैं। इकाई संरक्षक सत्यमोहन वर्मा ने कहा कृष्णा सोबती के लेखन में वातावरण तथा परिवेश का पूर्ण प्रभाव है उन्होंने यथार्थ को जिया और यथार्थ को लिखा। उनकी रचना "हम हस्मत" हिन्दी साहित्य जगत की अद्वितीय रचना है जिसमें 22 साहित्यकारों के संस्मरण लिखे हैं जो हिन्दी साहित्य में मील के पत्थर हैं। अध्यक्ष डॉ. चिले ने कहा कृष्णा सोबती का रचना संसार कृतियों के माध्यम से समाज को सतत नई दिशा देने वाला है जो पठनीय तथा अनुकरणीय है। तदोपरांत संस्थागत प्रतिनिधि काव्य पाठ में पुष्पा चिले, पी.एस. परिहार, रामकुमार तिवारी, मधुलता पाराशर, गणेश राय, सोएब खान, अदीब खान, आनंद जैन ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर नारायण सिंह ठाकुर, नरेन्द्र दुबे, अमरसिंह राजपूत, पी.सी. शर्मा, श्रीमती कांति वर्मा, आराधना राय, डॉ. संगीता पाराशर, मंजू राजपूत, राजीव वर्मा, रविकांत श्रीवास्तव, शरद मेहता, राजेश दबे, अवधेश चौबे, अयाज दमोही, अकमल दमोही, अनुनय श्रीवास्तव, केशू तिवारी, प्रोफे. अनिल जैन, ओजेन्द्र तिवारी, प्रवीण श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, डॉ. रफीक आलम, मुहम्मद बायर ताहिर की उपस्थिति रही। इकाई अध्यक्ष रमेश तिवारी द्वारा संचालन तथा सचिव मानव बजाज द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

## चाहत पांडे का जबेरा में भव्य स्वागत

### बिग बॉस में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया



**बनवार।** दमोह जिले की बेटी चाहत पांडे का बिग बॉस रियलिटी शो में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए जबेरा में प्रथम आगमन पर सिग्रामपुर जबेरा नोहटा अभाना में भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम निस्वार्थ सामाजिक संगठन प्रमुख सचिन मोदी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें चाहत पांडे का स्वागत सिग्रामपुर में दिनेश राय भाईसाब पटेल और जबेरा में ओपी शर्मा के नेतृत्व में किया गया। चाहत पांडे का जन्म 1 जून 1999 को मध्यप्रदेश के दमोह जिले के चंडी चौपरा गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडी चौपरा गांव से ही की थी और बाद में मुंबई में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। चाहत पांडे ने कई टीवी शो में अपने अभिनय का प्रदर्शन किया है, जिनमें हमारी बहू सिल्क, दुर्गा - माता की छाया, और नथ - जेवर या जंजीर शामिल हैं।

## श्रवण हानि-बहरेपन की समस्या के प्रभावी उपचार प्रबंधन हेतु शिविर संपन्न



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन ने बताया विश्व श्रवण दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित डी.ई.आई.सी. भवन में श्रवण हानि-बहरेपन की समस्या के प्रभावी उपचार-प्रबंधन हेतु एक शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न आयुवर्ग के बच्चें, स्त्री-पुरूष, बुजुर्ग शामिल रहे। नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ सुधीर आर्य द्वारा शिविर में पहुंचे 157 लोगों को स्वास्थ्य सेवायें दी गई। शिविर दौरान कान से जुड़ी समस्याओं को विशेषकर कान में दर्द, मवाद आना, कम सुनाई देना जैसी स्वास्थ्य परेशानियों का समाधान किया। शिविर में सुनने-बोलने में परेशानी वाले बच्चों की जांच ऑडियोलाजिस्ट संदीप पटेल द्वारा की गई। उनके द्वारा बच्चों एवं परिजनों को परामर्श दिया गया कि कान की श्रवण क्षमता को बनाये रखने, सुनने की समस्या से बचने के लिए ईयरफोन का इस्तेमाल कम से कम करें। तेज ध्वनि में संगीत सुनने से बचें। कान में पेंसिल, तीली या अन्य कोई नुकीली वस्तु न डाले, कान के पर्दे को क्षति हो सकती है। उन्होंने कान को सूखा रखने की भी हिदायत दी गई।

# वनस्पतियों और जीव जंतुओं की प्रजातियों के प्रति जागरूक होना जरूरी

## विश्व वन्यजीव दिवस आज पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वन्यजीवों की रक्षा करना जरूरी, संरक्षण के लिए करने होंगे प्रयास वन्य प्राणियों के प्रति सहानुभूति रखकर संरक्षण संवर्धन में लोग दे योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करने में डूबे इंसान को अब यह अंदाजा ही नहीं रह गया है कि वह अपने साथ-साथ लाखों वन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना कितना दूभर कर रहा है। तथाकथित विकास एवं स्वार्थ के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों का प्रबंधन और दोहन इस तरह से किया जा रहा है कि वन्य जीवों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा है। कितने ही पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं, तो कितनी विलुप्ती की कगार पर हैं। तेजी से विलुप्त हो रहे वन्य पेड़ पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वन्यजीवों की तस्करी आदि अन्य खतरों पर नियंत्रण के उद्देश्य से विश्व वन्य जीव दिवस 3 मार्च को मनाया जाता है। जिसमें लोगों को जंगली वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के फायदे बताकर जागरूक किया जा सके, ताकि वह वन्यजीव अपराध और वनों की कटाई के कारण वनस्पतियों और जीवों को होने वाले नुकसान को रोकने में अहम भूमिका निभा सकें।

### वन्यजीवों की रक्षा क्यों जरूरी



वन से हमें औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। वन मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुनः प्राप्ति में सहयोग करते हैं पर्यावरण में जीव-जंतु तथा पेड़-पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन व वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व आमजनों को समझना होगा।दमोह वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे बताते हैं कि वन्यजीव का संरक्षण इसलिए जरूरी है क्योंकि जो भी हमारी बेसिक जरूरते हैं, जैसे हवा, पानी, भोजन, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से वन व वन्यजीवों के कारण ही होते हैं विश्व वन्यप्राणी दिवस मनाने का यही उद्देश्य होता है कि इसके लिए सबको जागरूक कर सके ।

**ईश्वर जरांडे**,वन मंडल अधिकारी दमोह

### क्यों मनाया जाता है विश्व वन्यजीव दिवस

विश्व वन्यजीव दिवस प्रतिवर्ष 3 मार्च को दुनिया भर में जानवरों और पौधों के समर्थन में मनाया जाता है। यह दिन दुनिया के जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की सुरक्षा और संरक्षण की तत्काल आवश्यकता की मार्मिक याद दिलाता है यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम सभी पृथ्वी और यहां रहने वाले जानवरों से कैसे जुड़े हुए हैं नई तकनीक का उपयोग करके दुनिया भर में एक साथ काम करके और हममें से प्रत्येक अपना योगदान देकर हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जानवरों का भविष्य अच्छा हो और हमारा यह लंबे समय तक सुरक्षित रहे।

## वन मंडल अधिकारी और वन परिक्षेत्र अधिकारियों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी



तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे कहते हैं कि प्रजातियों, आवासों और पारिस्थितिकीय तंत्र के नुकसान से पृथ्वी पर जीवन को खतरा है। हमें लुप्तप्राय वन्य जीवों की प्रजातियों को बचाने, उनके आवासों और पारिस्थितिकीय तंत्र की बहाली का समर्थन करने आगे आना चाहिए और उनकी रक्षा के प्रयास करना चाहिए।

**नीरज पांडे**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़**



तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल कहती हैं कि विश्व वन्यजीव दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। वन व वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं हमें जंगली वनस्पतियों और जीवों की रक्षा करनी चाहिए साथ ही मानसूनी मौसम में अधिक पौधारोपण।

**मेघा पटेल**
**वन परिक्षेत्र, तेन्दूखेड़ा**



तारादेही वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर कहते हैं कि वन्य जीव हमारे इकोसिस्टम का संतुलन बनाकर रखते हैं जिससे प्रकृति में स्थिरता बनी रहती है लेकिन आज लोगों की गलतियों व जागरूकता की कमी की वजह से वन्य जीवों के बसेरे उजड़ रहे हैं, कई सारे पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं लोगों को वनस्पतियों और जंगली जीव जंतुओं के प्रति जागरूक होना चाहिए ।

**देवेंद्र गुर्जर**
**वन परिक्षेत्र तारादेही**



तेंदूखेड़ा उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक कुमार दुबे कहते हैं कि पर्यावरण के क्षेत्र में वन्यजीवन को बेहद करीब से देखा है नागरिकों को भी वन्यजीवों और वनस्पतियों के संरक्षण में योगदान देना चाहिए इसके लिए सभी का जागरूक होना जरूरी है। यदि हम वन्य क्षेत्र में हैं तो विशेष सतर्कता बरतना जरूरी है। गर्मी के दिनों में जंगल में आग फैलने में देरी नहीं लगती, इसलिए वहां आग का उपयोग न करें। आग के कारण वन्य प्राणियों के आवास भी नष्ट हो जाते हैं और वे पलायन को मजबूर होते हैं। यह पलायन उनकी मौत की वजह भी बनता है। यदि वन्यजीवन में असंतुलन होगा तो वहां का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होगा।

**प्रतीक कुमार दुबे , उप वनमंडल अधिकारी तेन्दूखेड़ा**



झलौन वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मसीहा कहते हैं कि प्रकृति के संतुलन में वन्यजीवों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि वन और वन्य जीव एक दूसरे के पूरक है धरती का श्रृंगार वन है और वन का श्रृंगार वहां पर पाए जाने वाले वन्य जीव आज वन्यजीवों के मामले में मध्य प्रदेश सर्वोपरि है और अर्थ की पूर्ति देश-विदेश के पर्यटक करते हैं जो बेरोजगारी के साथ-साथ प्रकृति के संतुलन में बहुत बड़ा योगदान होता है इसलिए हर वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है कि लोग वनस्पतियों और जंगली जीव जंतुओं जानवरों के प्रति जागरूक हो।

**सतीश मसीहा, वन परिक्षेत्र अधिकारी झलौन**

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में शराब दुकान से ज्यादा अवैध शराब की बिक्री

**पथरिया।** क्षेत्र में शराब दुकान काउंटर से ज्यादा अवैध बिक्री करवाई जा रही है हालात यह है कि गांव-गांव सुलभ तरीके से शराब मिल रही है कहने के लिए शासन द्वारा 2 काउंटर वैध है संबंधित ठेकेदार अपने निर्धारित स्थान के अलावा कही भी शराब नही बेच सकते हैं पर जहां देखों वहां शराब बिक्री हो रही है जिस पर कोई कार्यवाही नही होना चर्चा का विषय बना हुआ है वही भगवती मानव संगठन के सदस्यों को अवैध शराब मिल रही लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को नही मिलती जो अपने आप में एक सवाल बना हुआ है।

### अभियान में स्वच्छता योद्धा बनकर सहभागिता करें-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा स्वच्छ भारत सर्वेक्षण 2025 प्रारंभ हो चुका है और इसमें नगरीय क्षेत्रों की रैंकिंग की जानी है। हमारे जिले में हमने शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ बनाने का जन सहयोग से बीड़ा उठाया हुआ है। उन्होंने सभी नागरिक से आग्रह करते हुये कहा स्वच्छता अभियान में सहयोगी बने, अपना फीड्बैक दे, गीला कचरा, सूखा कचरा अलग-अलग करके ही कचरा गाड़ी में डालें और स्वच्छता अभियान में स्वच्छता योद्धा बनकर सहभागिता करें।

### तीन वर्ष बाद नाबालिग को किया दस्तयाब

**तेंदूखेड़ा।** थाना तारादेही पुलिस ने करीबन तीन वर्ष बाद नाबालिग को दस्तयाव किया । पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर अवयस्क गुम बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान (ऑपरेशन मुस्कान) चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य गुम हुये बालक बालिकओं की शीघ्र एवं अधिक से अधिक दस्तयाबी करना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश के पालन में श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अवयस्क गुम बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना तारादेही में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 167/2022 की अपहृता को उपनिरी. राजीव पुरोहित के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### भागवत जीव को निर्भय बनाकर मुक्ति का मार्ग दिखाती है : पं.आशीष

**बनवार।** बगलवारा (सगरा)में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद् भागवत महात्म के दौरान भगवान शिव से अमर कथा यानी श्रीमद् भागवत कथा माता पार्वती ने किस प्रकार से सुनी एवं आत्मदेव ब्राह्मण के यहां गोकर्ण का जन्म और दूसरे पुत्र धुंधुकारी की कथा को सुनाया इस कथा का तात्पर्य यह है की जब प्राणी काम,क्रोध लोभ ,मोह ,मद रुपी इन मानसिक पांच वैश्याओं का संग करता है तब यही बुराइयां जीव का अंत का कारण होती है किस प्रकार धुंधकारी ने अपने ही बुरे कर्म के द्वारा प्रेत योनि को प्राप्त किया तब अमृत रूपी भागवत कथा को श्रवण करके अपनी मुक्ति का साधन बनाया किस प्रकार से नारद जी द्वारा अपना पूर्ण चरित्र का वर्णन करके व्यास जी के मन की व्यथा को दूर करना एवं नारद जी के द्वारा भक्ति ज्ञान वैराग्य को ब्रह्मा जी के मानस पुत्र सनत्कुमारों के द्वारा अमृत रुपी कथा श्रवण करायी एक जीव जब संसार से परिष्कृत कर दिया जाता है तब परमात्मा उस जीव को अपना लेते हैं एवं उसे अपनी शरणागति दे देते हैं। ध्रुव चरित्र में यह वर्णन करते हुए शुकदेव जी ने राजा परीक्षित से कहा कि किस प्रकार 5 वर्ष के ध्रुव जी ने भगवान को प्राप्त करके अटल पदवी को प्राप्त किया और नीच जाति में उत्पन्न होते हुए भी भगवान ने विदुरानी को और विदुर जी को कृतार्थ किया भागवत कथा जीव को भगवत भक्त बनाकर सांसारिक व्याधियों से मुक्ति दिलाने का साधन है। कथा में ग्राम आचार्य गोविंद तिवारी के साथ मनोरथी यजमान कल्लू सिंह, राजेश सिंह एवं ग्रामवासियों के साथ श्रोताओं की उपस्थिति रही।

मजदूरी करने दिल्ली गये किसान को सूचना मिलने पर की शिकायत, मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

# बिन बताये किसानों के खेतों से मिट्टी खोदकर रेल्वे के काम में हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



क्षेत्र में अवैध उत्खनन की लगातार शिकायतें सुर्खियां में बनी रहती है लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों की कार्यशैली पर हमेशा सवाल उठते है। बीना कटनी रेल खंड में तीसरी लाइन के काम में अधिक मात्रा में मुरम व मिट्टी लग रही है( ठेकेदार द्वारा मुरम नही मिलने पर 1-1 किमीं का ठेका दे दिया है जिसमें भारी भरकम मिट्टी,मुरम लगना है। जिससे रातों रात अवैध उत्खनन किया गया। जमीन खोखली कर पेड़-पौधे नष्ट कर दिए गए,जिससे विभिन्न गंभीर प्राकृतिक आपदाओं को भी निमंत्रण देना एवं विभिन्न जगहों से अवैध उत्खनन से शासन को करोडों रुपए की राजस्व क्षति पहुँचाई गई हैं। बेलखेड़ी चार पुलिया के समीप रोज पोकलिन मशीनो से अवैध उत्खनन कर मिट्टी मुरम निकाल कर व परिवहन कर वही समीप में रेलवे ट्रैक पर डाली जा रहीं थीं जिस पर बेलखेड़ी निवासी मिथुन अहिरवार ने स्थानीय थाना पथरिया में 19 फरवरी 25 को लिखित में शिकायत दी थी कि मेरा बेलखेड़ी मौजे में मेरी दादी के नाम फ़ूलरानी बेबा अर्जुन के नाम खसरा नं. 337/1 जिसका रकवा 0.94 हेक्टेयर भूमि है एवं उक्त भूमि पर कृषि कार्य करते थे,मैं मजदूरी के लिए गांव से बाहर मजदूरी करने गया था मुझे फोन पर सूचना मिली कि आपके खेत की मिट्टी खोदी जा रहीं है। जब वहां जाकर देखा तो पूरे खेत की मिट्टी/मुरम निकाल कर भारी-भरकम करीब 35 फिट गहरी खदान कर दी हैं संबन्धित व्यक्ति द्वारा वसूली सहित दण्डात्मक कार्यवाही की माँग की जा रहीं है। वही पथरिया तहसील के जमुनिया मौजे की प्रारंभ सीमा से घटेरा दमोह तक समाप्त सीमा तक तक लगभग 78 किमी. की लम्बाई में रेल्वे लाइन के. दोनों ओर बड़ी-बड़ी खदाने मौजूदा सबूत है। जिलेभर में सबसे ज्यादा उत्खनन के मामले उजागर हो रहे हैं एवं निचले स्तर से उच्च अधिकारियों तक शिकायत हो रही पर मौके पर जांच टीम नही पहुंचती और शासन के नियमों को दरकिनार कर भू-माफियाओ का गर्भित सहयोग कर काली कमाई करने में जुटे है। कलेक्टर की निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम निकेत चौरसिया के नेतृत्व में केवल एक हाईवा एवं स्थलों पर जहाँ से अवैध मिट्टी मुरम का उत्खनन किया गया पंचानामा बनाकर कार्यवाही की गई है मौके पर खनिज अधिकारी, नायब तहसीलदार,पटवारी सहित अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति रहीं।

**इनका कहना है**

वही इस संबंध में एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया का कहना है कि उत्खनन स्थलों की जांच की गई है। इसका प्रतिवेदन कलेक्टर साहब को भेजा जाएगा इसके अलावा अभी प्रयास किया जाएगा कि जो भी निर्माण एजेंसी है पूर्व से कि जो खनिज उपयोग किया जाना हैं उसका विधिवत स्वीकृति लेने व स्थल चयन के उपरांत ही खनिज का उपयोग करें।

इस संबंध मंडल रेल प्रबंधक का कहना है कि उस जगह के फोटो,वीडियो भेज दीजिए दिखावाते है।

## 5 मार्च को होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आंदोलन

**दमोह।** सहकारी समिति कर्मचारी दमोह के द्वारा प्रदेश संघ म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के आव्हान पर जिले के पैक्स कर्मचारी अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री एवं खाद्य मंत्री को दिये गये संदर्भित ज्ञापन का निराकरण दिनांक 26.02.2025 तक नहीं किये जाने पर दिनांक 05 मार्च 2025 महासंघ भोपाल द्वारा उपरोक्त मंत्रियों म.प्र. शासन भोपाल पर किसी एक स्थान पर धरना प्रदर्शन हेतु शामिल होने का निर्णय लिया गया है। जिसमें जिले की समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थायें एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में कार्यरत समस्त कर्मचारी दिनांक 05 मार्च 2025 को उक्त आंदोलन में भाग लेने हेतु भोपाल में उपस्थित होगे, उक्त आंदोलन के दौरान किसानों एवं आम नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए महासंघ की जिला इकाई दमोह खेद व्यक्त करता है। इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में समिति के सदस्यो की उपस्थिति की अपील संघ ने की हैं।

## कंट्रोल रूम बहुत ही प्रभावी उपाय, भविष्य में इसे सुदृढ़ करेंगे-कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारूताल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभाना एवं शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सीएम राईज स्कूल दमोह का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों को मिल रही सुविधाओं को भी देखा और आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारूताल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभाना एवं शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सीएम राईज स्कूल दमोह का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया परीक्षाएं शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से चल रही हैं, सभी निरीक्षक, प्रेक्षक, उड़न दस्ते के अधिकारीगण सभी कड़ी निगरानी रख रहे हैं, अभी सब अच्छे से चल रहा है, लगातार निगाहें बनाए रखेंगे और लगातार दौरे भी चलते रहेंगे, ताकि परीक्षा पूर्णता निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सकें।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया शासकीय जे.पी.बी. स्कूल में सभी 84 केंद्रों के लिए पूरा एक कंट्रोल रूम बनाया है, यहां पर कैमरे सभी स्कूलों के पूरी तरह से काम कर रहे हैं, इनका एहतियात के तौर पर जो कर्मचारी यहां काम कर रहे हैं उनको एक-एक टैबलेट भी दिये गये है, जो स्कूल एजुकेशन के पास पहले से थे, ताकि सिस्टम में अगर कोई समस्या आती है या लाइट चली जाती है, तो वह सिस्टम से काम कर सकते है। उन्होंने कहा पूरे सिस्टम काम कर रहे हैं, यदि जिले में कहीं किसी परीक्षा केन्द्र की लाइट चली जाती है तो दिक्कत होती है, अन्यथा पूरा सिस्टम बहुत अच्छे से काम कर रहा है, यहां से हम बैठे-बैठे सब देख सकते हैं कि किस स्कूल में क्या गतिविधि चल रही है, तो इससे अनैतिक गतिविधि नकल के नाम पर है, उनको कंट्रोल करने का एक बहुत ही प्रभावी उपाय है, इसे भविष्य में और सुदृण करने का प्रयास किया जायेगा।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो जानकारी यहां से मिलती हैं उसके आधार पर टीमें भेजी जाती हैं, जिसमें फ्लाइंग दल, निरीक्षण दलों और प्रेक्षकों को भेजा जाता हैं, ताकि उन स्कूलों में तत्काल जाकर देखा जा सके। यदि किसी स्कूल का कैमरा बंद आ रहा है, तो हमारी टीम पता करने के लिये तत्काल पहुंचती है कि कैमरा बंद क्यों है, लाइट गई है कि कोई और कारण है, इस प्रकार से एक प्रभावी तरीका हमको मिल रहा है, जानकारी हमें पहले नहीं मिल पाती थी, क्योंकि महत्वपूर्ण बात यह है की परीक्षा के समय सारे मोबाइल फोन बंद रहते हैं, जानकारी पाने का कोई तरीका नहीं था, तो यह सबसे अच्छा तरीका जानकारी पाने का बन गया है।

## नगर में हुई श्री जी की भव्य आगवानी



**पथरिया।** नगर में श्री 1008 पार्श्वनाथ दि०जैन सेमरा मंदिर पथरिया में श्री पार्श्वनाथ जी, श्री महावीर स्वामी जी भगवान की भव्य आगवानी महिला मंडल, बालिका मंडल, युवा मंडल, नगर के वरिष्ठ जनों के द्वारा हुई जिसमें पूजन अभिषेक व शांतिधारा के तत्प्रश्वात प्रतिष्ठाचार्य अभिषेक भैया जी (मुंगेली) जी द्वारा कल्याण मंदिर स्त्रोत विधान, पूजन अभिषेक शांतिधारा कर भगवान जी को बेदी स्थापना करके हवन हुआ कार्यक्रम बहुत ही आनंद के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें नगर सहित आसपास के स्थानो से श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

2265.125 लाख रूपयें होगी प्रस्तावित लागत

## ज्वालामाई चौराहा से जायसवाल क्वार्टर को जोड़ने वाला फ्लाई ओव्हर के निर्माण कार्य हेतु कलेक्टर ने लिखा पत्र

**दमोह।** दमोह शहर में पुराना थाना टॉकीज चौराहा से ज्वालामाई चौराहा तक के मार्ग पर यातायात का दबाव काफी अधिक रहने से यातायात में काफी असुविधा होने से दमोह नगर विकास समिति के प्राप्त सुझाव पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रस्तावित लागत 2265.125 लाख रूपये से जिले के दमोह शहर में ज्वालामाई चौराहा से जायसवाल क्वार्टर (शिवाजी स्कूल) को जोड़ने वाला फ्लाईओव्हर/एलीवेटेड कॉरीडोर का निर्माण कार्य (पहुंचमार्ग एवं सुरक्षा कार्य सहित) के लिये मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र निर्माण भवन भोपाल को पत्र लिखा है। कलेक्टर श्री कोचर द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि दमोह शहर में कीर्ति स्तंभ से पुराना थाना होकर बांदकपुर जाने के लिये मार्ग संकीर्ण (चौड़ाई 10.00 मी. से 12.00 मी.) होने से आये दिन यातायात अवरूद्ध की स्थिति निर्मित होती है। इसी मार्ग पर विशाल मेगा मार्ट और अन्य शैक्षणिक संस्थाएं होने से ज्वालामाई चौराहा से टॉकीज तक त्यौहार, उत्सव के समय जाम की स्थिति बनी रहती है। मार्ग के दोनों ओर पक्के मकान और आवासीय क्षेत्र होने से चौड़ीकरण कराना संभव नहीं है। टॉकीज चौराहा से ज्वालामाई चौराहा तक के मार्ग पर यातायात का दबाव काफी अधिक रहता है। दमोह नगर विकास हेतु प्राप्त सुझाव में ज्वालामाई चौराहा से जायसवाल क्वार्टर, शिवाजी स्कूल के पास तक फ्लाई ओवर, एलीवेटेड कॉरीडोर पुरैना तालाब में से होकर बनाया जाना यातायात कम करने के लिये महत्वपूर्ण बायपास होगा। इसके बन जाने से शिवाजी स्कूल से मेगा मार्ट, पुराना थाना ज्वालामाई चौराहा तक वन-वे मार्ग हो जावेगा और यातायात की समस्या का हल होगा। शहरवासियों के लिए तालाब में एलीवेटेड कॉरीडोर मिल जायेगा।

## मजदूरों से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलटा आधा दर्जन से अधिक घायल



**दमोह।** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र देवडोंगरा के पास मजदूरों से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से आधा दर्जन से अधिक मजदूर बुरी तरह घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार हिनौती रामगढ़ निवासी कमलाबाई गौंड उम्र 40 वर्ष, रेखा विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष, पूजा गोंड उम्र 28 वर्ष, शुभम उम्र 7 वर्ष, मिलन 18 वर्ष, भूरा गौंड उम्र 17 वर्ष, सपना गौंड उम्र 36 वर्ष, कौशल्या बाई गौंड उम्र 48 वर्ष सभी निवासी हिनौती रामगढ़ मजदूरी करने आ रहे थे तभी चालक की लापरवाही से मेड पर अनियंत्रित होने से ट्रैक्टर ट्राली पलट गया. जिन सभी का इलाज दमोह जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड चल रहा है।

## संगम ढाबा का किया गया औचक निरीक्षण टोस्ट एवं फ्रूटी किया गया विनष्टीकरण

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा हटा ब्लॉक के ग्राम मड़ियादो में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए टोस्ट के नमूनें जांच हेतु लिए गए। कार्यवाही में ग्राम मड़ियादो, वर्धा रोड स्थित संगम ढाबा का औचक निरीक्षण किया गया है। संगम ढाबा से एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री ग्राहक को विक्रय करने की सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। उक्त टोस्ट के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर एक्सपायरी डेट की रुचि ब्रांड टोस्ट एवं फ्रूटी मैंगो ड्रिंक की 5 किलो 810 ग्राम मात्रा कुल मूल्य 590 रुपए का विनष्टीकरण किया गया एवं ढाबा संचालक को परिसर में व्याप्त गंदगी के कारण दो दिवस के लिए परिसर को बंद रखने के मौके पर दिशा निर्देश दिए गए।

## स्लॉटर हाउस को लेकर नपा नेता प्रतिपक्ष ने परिषद की बैठक बुलाने लिखा पत्र

**दमोह।** सोमवार को एक पत्र विजय जैन नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पार्षदों नगर पालिका परिषद दमोह ने कलेक्टर दमोह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारीको दिया जिसमें स्लॉटर हाउस के अभीमत को माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए परिषद की बैठक का आयोजन किया जावे बता दे कि माननीय उच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में परिषद से एक अभिमत दमोह नगर पालिका परिषद से मांगा गया था जिसको लेकर ही नेता प्रतिपक्ष ने परिषद बुलाने की मांग की है। इसको लेकर उन्होंने कहा है कि 4 दिसंबर 2024 को हुई सुनवाई के बाद मान. हाईकोर्ट ने नगर पालिका से अभिमत मांगा था लेकिन नगरपालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका की उदासीनता के चलते इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी उन्होंने कहा कि दमोह जिले की धरती पवित्र तीर्थ क्षेत्र श्री जागेश्वर नाथ एवं कुंडलपुर के बड़े बाबा की है इस पावन भूमि पर किसी भी परिस्थिति में स्लाटर हाउस पशु कत्ल खाना खुलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## प्री प्राइमरी, एलकेजी और यूकेजी की किताबों के संबंध में आदेश जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा वे सभी माता-पिता जिनके बच्चे प्री प्राइमरी स्कूल, एल.के.जी. और यू.के.जी. जैसी कक्षाओं में पढ़ते हैं, उसके संबंध में एक आर्डर जारी किया है, इसमें एन.सी.ई.आर.टी. की तीन किताबें स्कूलों के लिए एलाऊ की है, और इन किताबों को ही स्कूल में पढ़ाया जाएगा। उन्होंने आग्रह करते हुये कहा आदेश को जरूर देखें, इसके अनुसार ही एन.सी.ई.आर.टी. की किताबें खरीदे। कलेक्टर ने कहा कोई अन्य किताब लेने की आवश्यकता नहीं है और कोई स्कूल आपको बाध्य भी नहीं कर सकता है, आप अपने बच्चों के लिए एन.सी.ई.आर.टी. की किताबें जो केवल 160 रुपए की है, वही आप लाकर दे, जो सभी जगह उपलब्ध है, सभी दुकानों और पुस्तक मेले में भी उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा अभी तक आदेश कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के लिये थे लेकिन अब हमने प्री प्राइमरी स्कूल, एल.के.जी. और यू.के.जी. के लिए भी आदेश जारी कर दिए हैं, सभी माता-पिता से आग्रह है कि जो किताबें एन.सी.ई.आर.टी. की प्रिस्क्राइब की है वही खरीदें।

## मानव सेवा से बड़ा कार्य नहीं होता - राज्यपाल



**दमोह।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की वार्षिक आम सभा में जिलों से आए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के राज्यपाल और भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री मंगू भाई पटेल ने कहा कि सभी से श्रेष्ठ कार्य की अपेक्षा करता हूं, क्योंकि मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता इसलिए इस पुनीत कार्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए। मैं इस वार्षिक आम सभा में मुखिया के तौर पर साल में एक बार ही आने का मौका मिलता है। सिकल एनीमिया को दूर करने के लिए पूरे मनोयोग से काम करने की आवश्यकता को अंगीकार करने की बात कही। राजभवन भोपाल में आयोजित आमसभा की बैठक में प्रदेश चेयरमैन डॉ गगन कोल्हे, वाइस चेयरमेन भारत झबर, मानसेवी कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव सहित सभी जिलों के प्रबंध समिति के पदाधिकारी और जिला सचिव की उपस्थित रहे। दमोह जिले से जिला प्रबंध समिति सदस्य कृष्णा कुमार परोहा, प्रदेश प्रतिनिधि सतीश तिवारी और महेन्द्र जैन और जिला प्रशासन से रेड क्रॉस सोसायटी सचिव प्रवीण फुल पगारे को रक्त दान शिविर, स्वस्थ जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने सम्मानित किया गया।

## विपत्ति के समय में संत को ही राष्ट्र की चिंता रहती है : बटुकानंद जी शास्त्री



**सिंग्रामपुर ।** सिंग्रामपुर के पास ग्राम पिपरिया में चल रही श्री राम कथा में ग्राम भीटा से पधारे मानस मर्मज्ञ श्री वाटुकानंद जी शास्त्री ने अपने वक्तव्य में बताया की जब जब कोई विपत्ति और संकट आता है इस भारत भूमि पर इस पावन धरा पर चिंता किसी राजा महाराजा को नहीं होती है एक महात्मा को होती है और और राष्ट्र की व्यवस्था के लिए भगवान को लेकर आता है और इस राष्ट्र को बचाता है। गाधितनय मन चिंता व्यापी हरि बिन मरहि न निसचर पापी। तव मुनिवर मन कीन्ह बिचारा। हरि अवतरहि हरन महि भारा विश्वामित्र जी के मन में चिंता छा गई यह पापी राक्षस भगवान की मारे बिना नहीं मर सकते तब मुनि से स्नान विचार किया कि प्रभु में पृथ्वी का भार उतारने के लिए अवतार लिया है इसीलिए हैंडसम तो को इस सारे संसार की चिंता है संसार यों कोई संतो की चिंता रहनी चाहिए कि उनके ऊपर कोई विपत्ति कोई संकट हमारे द्वारा कभी संतो का अपमान ना हो क्योंकि आग लगी संसार में बरस रहे अंगार ,संपन्न होते जगत में तो जल जाता संसार। संसार में काम क्रोध लोभ मोह मद मात्सर्य अभिमान की आग जल रही है। अगर संत संसार मे हों तो यह सारा संसार इन विषयों की आग में जल करके भस्म हो जाएगा संत ही है जो हमें इस भीषण ज्वाला से बचाते हैं।

# एक तरफ आम, तो दूसरी ओर पलाश के फूल कर रहे आकर्षित



**हटा।** बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही प्रकृति में भी बदलाव देखने को मिल रहा हैं। सुबह व शाम हल्की सर्दी के साथ ही दोपहर के समय तीखी धूप के चलते नागरिक पंखे का सहारे लेने लगे हैं। साथ ही पेड़ पौधों में भी बदलाव की बयार चल रही हैं। पलास के पेड़ में लाल फूल आ गए हैं। पलास के फूलों से निकलने वाली खुशबू से समूचा क्षेत्र महक रहा हैं। जहां एक तरफ पलास के पेड़ फूलों से लद रहें है।

यह लाल फूल सिर्फ होली के आसपास ही देखने मिलता है, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह गर्मी में शरीर को ठंडक पहुंचाने, स्किन प्रॉब्लम्स से राहत दिलाने और कई गंभीर बीमारियों को ठीक करने के लिए यह फूल किसी वरदान से कम नहीं। जिसे आयुर्वेद में बेहद खास माना जाता है। पुराने जमाने में होली के रंग इन्हीं फूलों से बनाए जाते थे क्योंकि ये पूरी तरह प्राकृतिक होते हैं और त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते।

वहीं गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आम में भी खूब फूल आए हैं जिससे अनुमान है कि इस बार आम की भरमार रहेगी आम पर फूल देखकर सभी का मन लालायित होता है बच्चों से लेकर बड़ों तक की पहली पसंद आम है प्राचीन काल से ही आम का महत्व है इसलिए आम को फलों का राजा कहते हैं। बसंत ऋतु में जिधर भी देखो आम पर फूल नजर आते हैं सबका एक ही कहना है इस वर्ष आम में खूब फल आयेंगे। क्षेत्र में हर जगह आम अपनी सुंदरता की झांकी दिखा रहे हैं। सनातन धर्म में आम का पेड़ त्योहार तथा सभी मंगल कार्यों में उसकी लकड़ी फूल फल अर्थात एक न एक भाग प्रायः काम आता है आम के फल का बहुत तरह से उपयोग होता है।